**NEWS CLIPPING: 25.08.2017**

**HINDUSTAN HINDI**

श्रृंखला में लघु नाटक प्रस्तुत करने का लिया गया है निर्णय, घर के आसपास सफाई रखने का संदेश दिया जाएगा

# वाईएमसीए के छात्र मलेरिया के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे

**प्रयास**

फरीदाबाद | **वरिष्ठ संवाददाता**

वाईएमसीए विश्वविद्यालय के छात्र मलेरिया से बचाव के लिए सेक्टर के लोगों को जागरूक करेंगे। इसके लिए 15 सदस्यीय टीम बनाई गई है, जो सेक्टर सात, आठ, नौ और बाजारों में जाकर लघु नाटक प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान घर के आस पास सफाई रखने का संदेश दिया जाएगा। इसे श्रृंखला में चलाने का निर्णय लिया गया है।

इसकी पहली कड़ी गुरुवार को विश्वविद्यालय परिसर में प्रस्तुत की गई। विश्वविद्यालय की विविधा क्लब की ओर से 45 मिनट का लघु नाटक तैयार किया गया है। इस दौरान छात्र मच्छर, इन्सान, डॉक्टर सहित कई रोचक किरदार प्रस्तुत किए। नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया है कि बारिश के बाद मलेरिया और मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। डेंगू के मच्छर साफ पानी में पनपते हैं। इसलिए मच्छर कूलर, गमला और पानी की टंकी सहित कहीं भी पानी को एक सप्ताह से अधिक समय तक एकत्रित नहीं होने दें। अगर कहीं भी साफ पानी एकत्रित हो तो उसमें मिट्टी का तेल, जला हुआ डीजल उसमें डाल दें। इससे पानी में पनप रहा मच्छर का लार्वा मर जाता है।

**45 मिनट का नाटक तैयारः** ड्रामा क्लब विविधा की अध्यक्ष डॉ सोनिया बंसल की देखरेख में इसे तैयार किया गया है। 45 मिनट के रोचक नाटक में मच्छर पनपने से लेकर रोकने के उपायों के विषय में बताया गया है।



फरीदाबाद स्थित वाईएमसीए विश्वविद्यालय में छात्रों ने नुक्कड़ नाटक किया।। ● हिन्दुस्तान

**रूपरेखा जल्द तैयार**


विविधा क्लब की अध्यक्षा का कहना है कि सितंबर में नाटक का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए जल्द रूपरेखा तैयार कर ली जाएगी। इसका उद्देश्य लोगों को बीमारियों के प्रति जागरूक कर इससे बचाना है। डेंगू और मलेरिया के मच्छर को रोका जा सकता है।

मलेरिया एक सामान्य बीमारी है, इसे लोगों को जागरूकता कर रोका जा सकता है। इसे एक श्रृंखला के रूप में चलाया जाएगा। जिससे अधिक लोग जागरुक हो सकें।

–प्रो. दिनेश कुमार, कुलपति

**DAINIK BHSAKR**

# छात्रों ने नाटक के माध्यम से मलेरिया के प्रति किया जागरूक




भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केन्द्र की ओर से मलेरिया जागरूकता विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इसे विश्वविद्यालय के ड्रामा क्लब विविधा के सदस्यों ने प्रस्तुत किया। क्लब के 15 सदस्यों ने विभिन्न किरदारों के माध्यम से मच्छर और इंसान के बीच के रिश्ते को लेकर दिलचस्प कहानी प्रस्तुत की। इसका निर्देशन क्लब के सदस्यों ने किया है। लगभग 30 मिनट के नाटक में विद्यार्थियों ने मच्छर पनपने से रोकने के उपाय बताए। साथ ही मलेरिया होने पर हेल्थ केन्द्र में जांच व उपचार के लिए जागरूक किया।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने मलेरिया के प्रति जनचेतना लाने के लिए विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मलेरिया बरसाती मौसम में होने वाली एक सामान्य बीमारी है। इस पर रोकथाम के लिए जागरूकता ही सबसे उपयुक्त उपाय है।

**NEWS CLIPPING: 25.08.2017**


**DAINIK TRIBUNE**

## वाईएमसीए विद्यार्थियों का प्रयास

# नुक्कड़ नाटक से मलेरिया के प्रति किया जागरूक

फरीदाबाद, 24 अगस्त (हप्र)

मलेरिया के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के स्वास्थ्य केन्द्र की ओर से मलेरिया पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नुक्कड़ नाटक को विश्वविद्यालय के ड्रामा क्लब, विविधा के सदस्यों ने सांस्कृतिक मामलों की अध्यक्ष डा. सोनिया बंसल की देख-रेख में प्रस्तुत किया। क्लब के लगभग 15 सदस्यों ने विभिन्न किरदारों के माध्यम से मच्छर और इंसान के बीच के रिश्ते को लेकर दिलचस्प कहानी प्रस्तुत की गई। जिसका निर्देशन क्लब के सदस्यों द्वारा ही किया गया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने मलेरिया के प्रति जन चेतना लाने के लिए विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। लगभग 30 मिनट के नाटक में विद्यार्थियों ने मच्छर पनपने से रोकने के उपायों को बताया तथा मलेरिया होने पर स्वास्थ्य केन्द्र में जांच तथा उपचार के लिए जागरूक किया।




फरीदाबाद में बृहस्पतिवार को मलेरिया जागरूकता को लेकर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते विद्यार्थी। -हप्र

इस अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मलेरिया बरसाती मौसम में होने वाली एक सामान्य बीमारी है तथा इस पर रोकथाम के लिए जागरूकता ही सबसे उपयुक्त उपाय है। इस मौके पर इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनीश वशिष्ठ तथा कंप्यूटर साइंस विभाग के अध्यक्ष डॉ. कोमल कुमार भाटिया भी उपस्थित थे।

दैनिक ट्रिब्यून Fri, 25 August 2017
epaper.dainiktribuneonline.com//c/21723561

**NAVBHARAT TIMES**

# नाटक से किया मलेरिया के प्रति जागरूक





**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** लोगों को मलेरिया के प्रति जागरूक करने के लिए गुरुवार को वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में हेल्थ सेंटर की ओर से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के ड्रामा क्लब विविधा के सदस्यों ने सांस्कृतिक मामलों की अध्यक्ष डॉ. सोनिया बंसल की देखरेख में नाटक का मंचन किया। क्लब के 15 सदस्यों ने विभिन्न किरदारों के माध्यम से मच्छर और इंसानों के बीच के रिश्ते पर दिलचस्प कहानी पेश की। इस दौरान कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनीष वशिष्ठ, कंप्यूटर साइंस विभाग के अध्यक्ष डॉ. कोमल भाटिया मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING: 25.08.2017**

**PUNJAB KESARI**

# छात्रों ने नाटक से किया मलेरिया के प्रति जागरूक




*नुक्कड़ नाटक से लोगों को जागरूक करते छात्र। (रजत)*

फरीदाबाद, 24 अगस्त (पंकेस): मलेरिया के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के स्वास्थ्य केंद्र की ओर से मलेरिया पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नुक्कड़ नाटक को विश्वविद्यालय के ड्रामा क्लब-विविधा के सदस्यों ने सांस्कृतिक मामलों की अध्यक्ष डा. सोनिया बंसल की देखरेख में प्रस्तुत किया।

लगभग 15 सदस्यों ने विभिन्न किरदारों के माध्यम से मच्छर और इंसान के बीच के रिश्ते को लेकर दिलचस्प कहानी प्रस्तुत की। निर्देशन क्लब के सदस्यों द्वारा ही किया गया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने मलेरिया के प्रति जन चेतना लाने के लिए विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। लगभग 30 मिनट के नाटक में विद्यार्थियों ने मच्छर पनपने से रोकने के उपायों को बताया तथा मलेरिया होने पर स्वास्थ्य केंद्र में जांच तथा उपचार के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मलेरिया बरसाती मौसम में होने वाली एक सामान्य बीमारी है तथा इसकी रोकथाम के लिए जागरूकता ही सबसे उपयुक्त उपाय है। विद्यार्थियों ने अपने नाटक सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को छूने का प्रयास किया है, जो सराहनीय है। डा. सोनिया बंसल ने बताया कि मलेरिया के प्रति जागरूकता के लिए आयोजित यह नुक्कड़ नाटक उस श्रृंखला का हिस्सा है, जिसे आने वाले दिनों में विद्यार्थी शहर के विभिन्न हिस्सों में करने वाले है, जिसके लिए योजना बनाई जा रही है। डा. मनीष वशिष्ठ तथा कंप्यूटर साइंस विभाग के अध्यक्ष डा. कोमल कुमार भाटिया भी उपस्थित थे।


पंजाब केसरी ई-पेपर
Fri, 25 August 2017
epaper.punjabkesari.in//c/2172350

**NEWS CLIPPING: 25.08.2017**

**AMAR UJALA**

# छात्रों ने मलेरिया के प्रति किया जागरूक

**फरीदाबाद।** मलेरिया के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से वाईएमसीए के स्वास्थ्य केंद्र की ओर से मलेरिया पर आधारित नुक्कड नाटक प्रस्तुत किया गया।नुक्कड नाटक को विश्वविद्यालय के ड्रामा क्लब- विविधा के सदस्यों ने प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक मामलों की अध्यक्ष डॉ. सोनिया बंसल की देखरेख में यह कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने मलेरिया के प्रति जन चेतना लाने के लिए विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। लगभग 30 मिनट के नाटक में विद्यार्थियों ने मच्छर पनपने से रोकने के उपायों को बताया तथा मलेरिया होने पर स्वास्थ्य केन्द्र में जांच तथा उपचार के लिए जागरूक किया।इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मलेरिया बरसाती मौसम में होने वाली एक सामान्य बीमारी है तथा इस पर रोकथाम के लिए जागरूकता ही सबसे उपयुक्त उपाय है। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनीश वशिष्ठ, कंप्यूटर साइंस विभाग के अध्यक्ष डॉ. कोमल भाटिया उपस्थित थे।